रफ्तार का कहर

# दिमनी में तेज रफ्तार कार ने ली जान-2 जख्मी

### कार दीवार फोड़कर घर में घुसी, 14 साल की मासूम की मौत, बुआ-फुफेरा भाई घायल

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना(अंबाह), 28 फरवरी।** दिमनी क्षेत्र में स्थित बिरहरुआ पंचायत के सरपंच का पुरा में 100 से 120 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से दौड़ रही कार दीवार फोडक़र घर में जा घुसी। घटना के वक्त घर के आंगन में खेल रही 14 साल की बच्ची सहित तीन लोग उसकी चपेट में आ गए। हादसा इतना भीषण था कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही मासूम ने दम तोड़ दिया, वहीं मृतक बच्ची की बुआ व उसका फुफेरा भाई गंभीर रूप से जख्मी होकर जिंदगी-मौत से संघर्ष कर रहे हैं। घटना शनिवार शाम 3.30 बजे की है।

जानकारी के अनुसार दिमनी क्षेत्र की बिरहरुआ पंचायत के सरपंच का पुरा में रहने वाले ज्ञानसिंह तोमर का घर सडक़ किनारे है। शुक्रवार को शाम 3.30 बजे के करीब कार क्रमांक एमपी-07-जेडएफ-2368 को अंदर बैठा युवक 100 से 120 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार दौड़ाते हुए आया, तभी कार अनियंत्रित हो गई और वह ज्ञानसिंह तोमर के घर की दीवार से टकराई। कार की रफ्तार इतनी भीषण थी कि घर की दीवार और छत भरभराकर ढह गई। घटना के वक्त दीवार के पीछे ही ज्ञानसिंह की नातिनी रूचि तोमर (14) उनकी बेटी मालादेवी और नाती भूपेंद्र मौजूद थे। कार की टक्कर से और दीवार से निकले ईंट-पत्थरों से तीनों बुरी तरह से जख्मी हो गए। परिजन तीनों घायल को लेकर सिविल अस्पताल आए, जहां डॉक्टर ने रुचि को मृत घोषित कर दिया। वहीं माला व भूपेंद्र का इलाज चल रहा है।

### इधर...महुआ में सांड से टकराकर हुआ एक्सीडेंट, महिला की मौत, दो बच्चे घायल

महुआ थाना क्षेत्र में शनिवार को विजयगढ़ के पास रूबी पत्नी धर्मेंद्र शाक्य अपने दोनों बच्चों और देवर के साथ उसैथपुरा गांव से गोरमी रिश्तेदारी में बाइक से जा रही थीं। तभी विजयगढ़ के पास एक सांड के टकरा जाने से बाइक अनियंत्रित होकर सडक़ पर गिर गई। बाइक जैसे ही सडक़ पर गिरे, उसी दौरान पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने महिला रूबी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला सहित दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को अंबाह अस्पताल पहुंचाया, जहां से जिला अस्पताल ले जाते समय महिला रूबी की मौत हो गई। जबकि उसके दोनों बच्चों अंशू और अनुष्का का इलाज चल रहा है। कार छोडक़र ड्राइवर भाग निकला, एफआईआर दर्ज भीषण एक्सीडेंट के बाद कार को मौके पर छोडक़र युवक भाग निकला। वहीं अंबाह पुलिस ने मृतक बच्ची के चाचा अंकित तोमर की रिपोर्ट कार चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।

## ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटा, 1 मरा, एक अन्य जख्मी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 फरवरी।** सिहौनिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार की शाम एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में रिक्शे में सवार दो लोग जख्मी हो गए। जिनमें से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि दूसरे का उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार सिहौनिया थाना क्षेत्र के ग्राम कोलुआ निवासी वीरेन्द्र 56 पुत्र अजुद्दी प्रसाद और आदित्य तोमर 19 पुत्र बृजेश तोमर शुक्रवार की शाम को ई-रिक्शा में सवार होकर अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान लल्लूबसई गांव की पुलिया के पास ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में रिक्शे में सवार दोनों लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

# पेंडिंग राजस्व प्रकरणों का जल्द निराकरण हो : तहसीलदार



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 28 फरवरी।** ब्लॉक में जितने भी राजस्व प्रकरण पेंडिंग हैं, उनके शीघ्र निराकरण करने के निर्देश तहसीलदार बालकृष्ण मिश्र ने पटवारियों को बैठक में दिए। तहसील कार्यालय में बैठक लेते हुए तहसीलदार बालकृष्ण मिश्रा, नायब तहसीलदार प्रमोद सिंह तोमर, केके शर्मा ने बागचीनी, गलेथा, सुमावली, पहाड़गढ़ सर्किल के पटवारियों से कहा कि सीएम हेल्पलाइन के जो भी प्रकरण पेंडिंग हैं, उन्हें अति आवश्यक रूप से अगले 5 दिनों में निराकरण जरूर करवाएं। इसके अलावा उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री बटांकन, सीमांकन जैसे प्रकरणों का भी शीघ्र ही निराकरण करें। वहीं पटवारियों को सख्त हिदायत दी गई कि वह शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की स्थिति पर नजर बनें। यदि किसी के द्वारा अतिक्रमण किया गया है तो तत्काल इसकी रिपोर्ट दें और मौके पर जाकर शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटवाने की कार्रवाई करें।

# खैर की लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ा तो वनकर्मियों पर हमला

### फायरिंग कर वनकर्मियों ने जान बचाई शिवपुरी के जंगल से लकड़ियां लेकर सुमावली के रास्ते जा रहा था ट्रक




**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/सुमावली, 28 फरवरी।** शिवपुरी के जंगलों से खैर की लकड़ियां काटकर ट्रक में भरकर ले जा रहे तस्करों को वन विभाग की टीम ने रोका तो तस्करों ने वनकर्मियों पर हमला कर दिया। अपनी जान बचाने के लिए वनकर्मियों को हवाई फायरिंग करनी पड़ी, तब कहीं जाकर तस्कर मौके से भागे।

जानकारी के अनुसार शिवपुरी के जंगलों से तस्कर लाल रंग के आयशर ट्रक क्रमांक एचआर55-एएल-8852 में 30 लाख रुपए कीमत की खैर की लकड़ियां भरकर सुमावली के रास्ते ले जा रहे थे। सीसीएफ ग्वालियर की सूचना पर जौरा वन परिक्षेत्र रेंजर आरएल भारती, डिप्टी रेंजर विनोद उपाध्याय, सुरेंद्र दोहरे ने वनकर्मियों के साथ ट्रक की घेराबंदी कर ली और शनिवार सुबह 4 बजे वन विभाग की टीम ने जैसे ही इस ट्रक को रुकवाया तो ड्राइवर अंधेरे में भागकर फरार हो गया। वनकर्मी जब ट्रक की चेकिंग कर रहे थे, इसी दौरान अंधेरे में तस्करों की ओर पथराव शुरू हो गया। ऐसे में वनकर्मियों ने भी दो हवाई फायर किए, जिससे तस्कर भाग निकले।

### पुलिस थाने ले जाते समय गड्ढे में फंसा ट्रक, जेसीबी से निकलवाया

वनकर्मियों की समस्या यहीं खत्म नहीं हुई। वह खैर की लकड़ी से भरे ट्रक को लेकर पुलिस थाने आ रहे थे, इसी दौरान ट्रक पुलिस थाने के नजदीक दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों द्वारा लाईन बिछाने खोदे गए गड्ढे में फंस गया। ट्रक को दो जेसीबी मशीनों के सहारे निकालकर पुलिस की सुरक्षा में रखवाया गया है।

## गुजरात से लौटे युवक ने घर में फांसी लगाई, मौत

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 फरवरी।** गुजरात से होली के त्यौहार को लेकर छुट्टी लेकर 27 फरवरी की शाम को अपने घर पहुंचे युवक ने देर रात को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना माताबसैया गांव में हुई। जानकारी के अनुसार रोहित उर्फ राधे सिंह लोधी 22 पुत्र लोचन सिंह लोधी गुजरात में मजदूरी का काम किया करता था। होली के त्यौहार को लेकर रोहित उर्फ राधे गुजरात से 27 फरवरी की शाम को लौटकर अपने घर पहुंचा था। खाना खाने के बाद रोहित शुक्रवार की रात को अपने घर में सोने चला गया था।

# शांति और सद्भाव से मनाएं रंगों का त्यौहार होली : मिश्रा

### कैलारस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/कैलारस, 28 फरवरी।** आगामी होली के त्यौहार के मद्देनजर शनिवार को कैलारस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक में एसडीओपी उमेश मिश्रा ने समिति के सदस्यों सहित कैलारस क्षेत्र के लोगों से रंगों का त्यौहार होली शांति व सद्भाव के साथ मनाए जाने की अपील की।

बैठक में उमेश मिश्रा ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और प्रेम का पर्व है, इसे शांति एवं सद्भाव के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस तक पहुंचाएं। बैठक में कैलारस थाना प्रभारी सतेन्द्र सिंह कुशवाह ने कहा कि त्यौहार पर शांति व सुरक्षा बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए है। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। नायब तहसीलदार दीप्ति खरे ने नागरिकों से प्रशासन का सहयोग करने और पारंपरिक रीति-रिवाजों से शांति और सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। बैठक में शहर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे।

# पोरसा के धनेटा में शासकीय भूमि से हटाया गया अतिक्रमण



### कोर्ट के आदेश पर पुलिस, प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/पोरसा, 28 फरवरी।** तहसीलदार पोरसा के न्यायालय के आदेश के पालन में पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम ने शनिवार को पोरसा क्षेत्र के धनेटा में स्थित शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने की कार्यवाही की।

पोरसा के तहसीलदार कार्यालय में प्रचलित प्रकरण क्रं. 0081-अ/68/2025-26 में ओमप्रकाश, रामनरेश, रामरूप पुत्रगण रामदुलारे निवासी ग्राम धनेटा द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया जाना सिद्ध पाया गया था।

इस प्रकरण में आवेदक किशनपाल सिंह तोमर नि. धनेटा ने शिकायत की थी। जिसे लेकर शासकीय भूमि के सर्वे क्रं. 423 रकबा 0.073 हे., सर्वे क्रं. 424 रकबा 0.105 हे., सर्वे क्रं. 425 रकबा 0.042 हेक्टेयर से अतिक्रमण हटाने के आदेश जारी किए थे। शनिवार को नायब तहसीलदार श्याम सुंदर सिंह, राजस्व निरीक्षक अरविन्द्र सिकरवारए, पटवारी रमन प्रताप सेगर, सांतेश तोमर, शैलेन्द्र तोमर, धर्मेन्द्र कैमोर के साथ भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा और जेसीबी मशीन की मदद से शासकीय भूमि से कब्जों को हटाया।

# भाजपा नगर एवं ग्रामीण मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**नवभारत न्यूज**

**सबलगढ़,28फरवरी।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर संभाग प्रभारी अजय प्रताप एवं जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह की सहमति से नगर मंडल अध्यक्ष बसंत बंसल द्वारा अपनी नई टीम को घोषणा की गई जिसमें उपाध्यक्ष पद पर अरविंद सिंह जादौन रामप्रताप सिंह जादौन रेणुका अजय बंसल नितिन सोनी सूरज खान मिलिंद वर्मा को बनाया गया है महामंत्री पद पर डॉ राजेश गौड़ रूबी जुगल किशोर धानुक मंत्री पद पर रेखा सुनील मिश्रा जगदीश रावत ममता महेंद्र प्रताप सिंह जादौन मनीष कुशवाह विनय खटीक धर्म सिंह कोषाध्यक्ष पद पर भरत शर्मा सह कोषाध्यक्ष पद पर राधा संतोष सोनी कार्यालय मंत्री अरविंद मंगल सह कार्यालय मंत्री संजय बंसल मीडिया प्रभारी बसंत धाकड़ सह मीडिया प्रभारी अशोक गौड सोशल मीडिया प्रभारी देवाशीष सरकार सह सोशल मीडिया प्रभारी विपुल बंसल आई टी सेल प्रभारी जय खटीक सह आई टी सेल प्रभारी प्रकाश सिंह जादौन को बनाया गया है

वही ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रमोद सिंह जादौन द्वारा भी अपनी नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है जिसमें उपाध्यक्ष बसंत कुमार शुक्ला यशकांत शर्मा सुगन सिंह जादौन सिद्ध नाथ शर्मा जगदीश गुर्जर कृष्ण पाल सिंह जादौन महामंत्री दुर्गेस रावत दाताराम जाटव मंत्री इमरती रावत पूजा जौहरी सुषमा जादौन मनोज देवी गोरेलाल रावत कोषाध्यक्ष कमलनयन रावत सह कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह जादौन कार्यालय मंत्री सुरेश रावत सह कार्यालय मंत्री कृष्णा केवट मीडिया प्रभारी ज़वर सिंह जादौन सह मीडिया प्रभारी अजय जादौन बनाए गए हैं।

## एक नजर में

### समाजसेवी बजरंगी का ओरछा में हुआ सम्मान



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 फरवरी।** क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद स्मृति समारोह बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर ओरछा में आयोजित युवनाद-2026 बुंदेलधरा कार्यक्रम में मुरैना के समाजसेवी एवं गौसेवक रुद्रदेव बजरंगी को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में रविशंकर महाराज, रावतपुरा सरकार, आचार्य देवव्रत मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में गौपुत्र रुद्रदेव बजरंगी को समाजसेवा कार्य एवं जीव-जंतुओं की सेवा के कार्यों सहित रक्तसेवा के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले देश के विभिन्न शहरों से आए समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।



### सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण जरूरी

**सबलगढ़।** सिबिल अस्पताल में शनिवार को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एच पी वी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान शुरू किया गया एस डी एम मेघा तिवारी की मौजूदगी में शुरू हुए इस अभियान के तहत 15 वर्ष से कम उम्र की किशोरियों को सुरक्षा कवच प्रदान किया जा रहा है यह टीकाकरण विशेष रूप से उन बच्चियों के लिए है जिनकी आयु 14 वर्ष 9 माह से अधिक और 15 वर्ष से कम है स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि 15 वर्ष से अधिक आयु की लड़कियों और पूर्व में यह वैक्सीन लगवा चुकी किशोरियों को इस अभियान में शामिल नहीं किया जाएगा बीमार होने की स्थिति में पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद ही टीका लगाया जाएगा। टीकाकरण के दौरान सीबीएमओ डॉक्टर आर एन शर्मा सहित अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक और पैरामे डिकल स्टाफ मौजूद रहा।

### विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर आज मुरैना आएगें

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 फरवरी।** मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर एक मार्च को मुरैना आएंगे। तोमर एक मार्च को सुबह चार बजे मुरैना आएंगे।

### आदतन अपराधी वकीला गुर्जर जिलाबदर घोषित

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 फरवरी।** जिला मजिस्ट्रेट लोकेश कुमार जांगिड़ ने एसपी समीर सौरभ के प्रस्ताव पर आदतन अपराधी थाना चिन्नोनी के ग्राम उदयपुरा निवासी विशम्भर उर्फ वकीला गुर्जर पुत्र अतर सिंह गुर्जर के विरुद्ध जिलाबदर की कार्रवाई की है। आरोपी एक साल की अवधि तक जिला मुरैना एवं उसके समीपवर्ती जिले ग्वालियर, भिण्ड, श्योपुर और शिवपुरी की सीमाओं से बाहर रहेगा।

### वर्ष 2026 के लिए 3 स्थानीय अवकाश घोषित

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी लोकेश कुमार जांगिड़ ने मुरैना जिले के सभी सरकारी कार्यालयों, संस्थाओं में वर्ष 2026 के लिए 3 स्थानीय अवकाश घोषित किए है। जिसमें 5 मार्च गुरूवार को भाई दूज (होली), 19 अक्टूबर सोमवार को महानवमी और 11 नवंबर बुधवार को भाईदूज (दीपावली) का स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

### नवोदय विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 फरवरी।** नवोदय स्कूल जौरा में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ स्कूल प्राचार्य वंदना कुलश्रेष्ठ, उप प्राचार्य राजेश तिवारी, रामलखन सिंह याज्ञिक ने पूजा-अर्चना की। विज्ञान प्रदर्शनी में महान वैज्ञानिक सीवी रमन के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में सभी कक्षाओं के छात्रों द्वारा 41 आकर्षक एवं नवाचार आधारित विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए गए। जिसमें छात्रों ने अपने वैज्ञानिक कौशल, सृजनात्मक एवं प्रयोगात्मक समझ का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन अंजना सिंह, विजय कुमार पीजीटी भौतिक तथा विद्यालय के सभी विज्ञान विभाग के शिक्षकों का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा। इस मौके पर वन्य सिंह, विनोद कुमार कुशवाह, डॉ. सुधीर पाठक, प्रफुल्ल, हरविंदर कुमार गुप्ता, नीलम मिश्रा, स्वदेश माहेश्वरी आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 वर्ष सश्रम कैद

### विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट का फैसला, 12 हजार रूपये अर्थदण्ड अधिरोपित

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 फरवरी।** अनुसूचित जाति वर्ग की नाबालिगा के साथ दुष्कर्म किए जाने के अपराध में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) मुरैना ने अभियुक्त कृष्णा उर्फ राधाकृष्णा 22 पुत्र नत्थीलाल निवासी मुरैना को दोषी मानते हुए 20 वर्ष सश्रम कैद एवं 12 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किए जाने का फैसला सुनाया है।

मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि पीड़िता के पिता ने पुलिस थाने में अभियोक्त्री के पिता ने थाना आकर मौखिक रिपोर्ट की कि दिनांक

9 जनवरी 2025 को नाबालिग पीड़िता अपने घर में अकेली थी। उसके पिता सब्जी बेचने के लिए गांवों में गए हुए थे। जबकि पीड़िता की मां चारा लेने के लिए खेत पर गई थी। शाम करीब 5 बजे जब माता-पिता घर पहुंचें तो उन्हें पीड़िता घर में नहीं मिली। तब पीड़िता के पिता ने पुलिस थाने पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कराया। पुलिस ने विवेचना के दौरान पीड़िता को दस्तयाब कर लिया। पीड़िता की डीएनए जांच पॉजीटिव मिली। पीड़िता के बयान एवं डीएनए रिपोर्ट के आधार पर आरोपी कृष्णा उर्फ राधाकृष्णा पुत्र नत्थीलाल के विरूद्ध पॉक्सो एक्ट, एससी, एसटी एक्ट एवं बीएनएस की धाराओं के तहत अभियोग पत्र न्यायालय में दाखिल किया। न्यायालय ने अभियोजन के मौखिक, दस्तावेजी, वैज्ञानिक साक्ष्य तथा तर्कों से सहमत होकर अभियुक्त कृष्णा उर्फ राधाकृष्णा को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष सश्रम कारावास और 12 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किए जाने का फैसला सुनाया। इस प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक एवं सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी इंद्रेश कुमार प्रधान ने की।

## होली के त्यौहार पर फायर ब्रिगेड-एंबुलेंस तैनात रहें

### एडीएम ने निगमायुक्त और सीएमएचओ को दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 फरवरी।** जिले में 2 मार्च को होलिका दहनए 3 मार्च को होली धुरेंडी तथा 8 मार्च को रंगपंचमी का त्योहार मनाया जाएगा। इस संबंध में अपर जिला दण्डाधिकारी अश्विनी कुमार रावत ने कानून व्यवस्था एवं जनसुरक्षा बनाए रखने के लिए आयुक्त नगर निगम तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

एडीएम ने कहा है कि नगर निगम की फायर ब्रिगेड वाहन सहित चालक के साथ अनिवार्य रूप से तैनात रहे, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके। इसके अतिरिक्त आपात चिकित्सा सेवाओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु चिकित्सकों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सक दल, एंबुलेंस एवं आवश्यक दवाओं सहित 24 घंटे आकस्मिक सेवाएं उपलब्ध कराएंगे।

# नीलगाय से टकराई तेज रफ्तार बाइक, महिलाओं समेत 3 जख्मी

### देवगढ़ थाना क्षेत्र में एबीसी ब्रांच कैनाल रोड पर हुआ हादसा

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 फरवरी।** देवगढ़ थाना क्षेत्र में एबीसी ब्रांच कैनाल रोड पर एक तेज रफ्तार बाइक अचानक सामने आई नीलगाय से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे युवक के साथ उसकी पत्नी और भाभी जख्मी हो गए। तीनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार चिन्नौनी क्षेत्र के ग्राम कोटरा मिलौआ निवासी अवकेश जाटव (22) शनिवार को मुरैना के अस्पताल में भर्ती चाचा ससुर गजराज जाटव को देखने के लिए बाइक पर अपनी पत्नी सुमन जाटव एवं भाभी भारती जाटव 28 पत्नी सतीश जाटव के साथ गांव से मुरैना आ रहा था। जब उनकी बाइक एबीसी ब्रांच कैनाल रोड पर देवगढ़ थाना क्षेत्र से होकर गुजर रही थी। तभी अचानक बाइक के सामने एक नीलगाय आ गई। बाइक चला रहा अवकेश जाटव वाहन से अपना संतुलन खो बैठा और बाइक अनियंत्रित होकर नीलगाय से टकरा गई। हादसे में बाइक पर सवार तीनों लोग जख्मी हो गए। सूचना मिलते ही डायल-112 वाहन मौके पर पहुंचा और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उन्हें उपचार के लिए भर्ती किया गया है।



# आधी रात को कंटेनर ट्रक में आग लगी

### एनएच-44 पर बैरियर फ्लाईओवर पर शुक्रवार की रात करीब 3 बजे हुई घटना



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 फरवरी।** हरियाणा के अंबाला से दवाईयां, साईकिल और अन्य सामान लेकर बैंगलुरू जा रहे कंटेनर ट्रक में अचानक आग लग गई। ट्रक ड्राईवर ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद दमकल वाहन मौके पर पहुंचें और पानी फेंककर आग पर काबू पाने की कोशिशें शुरू कीं। 4 दमकल वाहनों द्वारा लगातार पानी फेंकने के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक कंटेनर में भरे हुए सामान के साथ ट्रक जलकर नष्ट हो चुका था। जानकारी के अनुसार शुक्रवार-शनिवार की रात अंबाला से बैंगलुरू जा रहा कंटेनर ट्रक जब एनएच-44 हाईवे पर रात करीब 3 बजे मुरैना शहर के बैरियर क्षेत्र में स्थित फ्लाईओवर से होकर गुजर रहा था। तभी अचानक ट्रक में आग लग गई। ट्रक ड्राईवर औरंगजेब और हेल्पर तामिल खान ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक को हाईवे किनारे खड़ा किया और पुलिस को सूचना देकर आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। कुछ ही देर में पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गईं थी।



## कक्षा-5 एवं आठवीं की वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 28 फरवरी।** विकासखंड जौरा में 5वीं तथा 8वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। जनपद शिक्षा केंद्र जौरा के बीआरसी राजीव सिंह जादौन ने बताया कि परीक्षा केंद्र मॉनिटरिंग के लिए निर्देश दिए गए हैं और नकल की रोकथाम के इंतजाम भी किए गए। बीआरसीसी राजीव सिंह जादौन ने परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर एचपीवी वायरस से होने वाले नुकसान के बारे में सभी किशोरी बालिकाओं को बताया और उन्हें जौरा अस्पताल में मुफ्त में टीका लगवाने के लिए कहा।

# बेटी के बारे में अफवाह फैलाने से रोका तो पिता पर डंडे से हमला

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/अंबाह, 28 फरवरी।** अंबाह क्षेत्र के ग्राम रठा में एक युवती को बदनाम करने की शिकायत करना उसके पिता को महंगा पड़ गया। मामले में पीड़ित ने महुआ उप.थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए गांव के ही कृष्णा सखवार और उसकी मां पर मारपीट का आरोप लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार कृष्णा सखवार द्वारा उनकी बेटी के बारे में गांव में गलत बातें फैलाई जा रही थीं। जब इस बात की जानकारी लड़की के पिता को लगी तो वे आरोपी को समझाईश देने उसके घर पहुंचे। इसी दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई और विवाद बढ़ गया। आरोप है कि कृष्णा सखवार ने गुस्से में आकर डंडे से लड़की के पिता के दाहिने पैर के टखने पर वार कर दिया, जिससे वे घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर आरोपी की मां भी मौके पर पहुंची और उसने भी डंडे से पीड़ित के सिर पर हमला कर दिया। घटना के दौरान मौके पर मौजूद वाचाराम सखवार और रमेश सखवार ने बीच-बचाव कर किसी तरह पीड़ित को बचाया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सरियों से टकराकर 16 वर्षीय किशोर की मौत

**ग्वालियर।** ट्यूशन से पढ़कर घर जा रहा 16 वर्षीय किशोर हादसे का शिकार हो गया। घोड़ा गाड़ी में लादकर ले जाए जा रहे सरियों से किशोर टकरा गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना सिरोल थाना क्षेत्र के सुंदरम पेट्रोल पंप के सामने होटल देवकी ग्रांड के पास 18 फरवरी की है। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में घोड़ा गाड़ी के मालिक की सरासर लापरवाही मानी और उसके खिलाफ शुक्रवार को केस दर्ज कर लिया। गेंदराज बघेल 16 वर्ष पुत्र राकेश बघेल निवासी नैनागिरि सिरोल 18 फरवरी को ट्यूशन से वापस घर जा रहा था।